प्रादेशिक समाचार

दिनांक–02.03.2026 (दोपहर– 1455 बजे)

****

शिक्षा और तकनीक के वैश्विक आदान–प्रदान के लिए आज आईआईटी आईएसएम धनबाद में हेरिटेज नेटवर्क 2026 के जनरल असेंबली कार्यक्रम की शुरुआत हुई। संस्थान के सौ वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में आयोजित इस विशेष समारोह में 11 यूरोपीय देशों के प्रतिनिधि हिस्सा ले रहे हैं। अगले तीन दिनों तक चलने वाले इस कार्यक्रम में भारत और यूरोप के प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान उन्नत तकनीक, अनुसंधान और संयुक्त शिक्षण कार्यक्रमों पर विस्तृत मंथन करेंगे। आईआईटी आईएसएम की डीन प्रो. रजनी सिंह ने बताया किइस अंतरराष्ट्रीय मंच के जरिए संस्थान के छात्रों को ग्लोबल एक्सपोजर और विदेशी विश्वविद्यालयों के साथ मिलकर काम करने का बड़ा अवसर मिलेगा।

****

रांची में आज भारतीय जनता पार्टी की ओर से पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण अभियान 2026 के तहत प्रदेश स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहू ने की। प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहू ने अपने संबोधन में कहा कि भाजपा एक विचार आधारित पार्टी है और 'राष्ट्र प्रथम' की भावना से कार्य करती है। कार्यशाला को संबोधित करते हुए संगठन महामंत्री शिवप्रकाश ने कहा कि प्रशिक्षण कार्यक्रम कार्यकर्ता निर्माण की कुंजी है। उन्होंने कहा कि पार्टी की रीति–नीति, कार्य पद्धति और विचारधारा से कार्यकर्ताओं को जोड़ने में इस अभियान की महत्वपूर्ण भूमिका है।

****

एयर इंडिया ने पश्चिमी एशिया में मौजूदा स्थिति को देखते हुए यात्रा परामर्श जारी किया है। एयरलाइन ने संयुक्त अरब अमीरात, सऊदी अरब, इस्राएल और कतर से आने–जाने वाली सभी उड़ानों को आज दिन भर के लिए स्थगित किया है। इसके अलावा, आज यूरोप जाने वाली कुछ उड़ानें भी रद्द कर दी गई हैं। इनमें अमृतसर से बर्मिंघम, दिल्ली से ज्यूरिख, दिल्ली से कोपेनहेगन और बर्मिंघम से दिल्ली जाने वाली उड़ानें शामिल हैं।

****

राजधानी रांची के धुर्वा स्थित निर्वाचन सदन में आज शाम 4 बजे मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार मीडिया प्रतिनिधियों को संबोधित करेंगे। इस प्रेस वार्ता का मुख्य एजेंडा आगामी सितंबर माह में प्रस्तावित अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन है, जिसका विषय मतदाता पंजीकरण एवं मतदाता पंजी रखा गया है। इस अवसर पर सम्मेलन के लिए नॉलेज पार्टनर, आधिकारिक पोस्टर और विशेष वेबसाइट की लॉन्चिंग की जाएगी।

****

राजधानी रांची के रातू थाना क्षेत्र स्थित पाली में आज एक जंगली हाथी ने जमकर उत्पात मचाया। बताया जा रहा है कि यह वही हाथी है, जिसने तीन दिन पहले हटिया के रिहायशी इलाकों में घुसकर हड़कंप मचा दिया था। रातू के पाली में हाथी ने एक व्यक्ति को कुचलकर मार डाला, जबकि इस हमले में एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई हैं। वन विभाग की टीम हाथी को सुरक्षित तरीके से आबादी वाले क्षेत्र से दूर वापस जंगल की ओर भेजने की कोशिश कर रही हैं। प्रशासन ने ग्रामीणों से अपील की है कि वे घरों से बाहर न निकलें और हाथी को न उकसाएं।

****

राज्य सरकार के वित्त विभाग और रांची कोषागार ने चालू वित्तीय वर्ष के अंतिम महीने में फिजूलखर्ची रोकने के लिए कड़े निर्देश जारी किए हैं। नए नियमों के अनुसार, अब सभी सरकारी विभाग मार्च माह में अपने वार्षिक बजट का अधिकतम 15 प्रतिशत खर्च कर सकेंगे। यदि किसी विभाग को इससे अधिक राशि की आवश्यकता होती है, तो उसे वित्त विभाग से अनुमति लेनी होगी।

****

होली के दौरान संभावित सड़क दुर्घटनाओं और स्वास्थ्य संबंधी आपात स्थितियों से निपटने के लिए स्वास्थ्य विभाग ने रांची के रिम्स और सदर अस्पताल के साथ–साथ जमशेदपुर के एमजीएम और सदर अस्पताल को हाई अलर्ट पर रखा है। 4 मार्च को होली के दिन अस्पतालों में ओपीडी सेवाएं बंद

रहेंगी, लेकिन इमरजेंसी वार्ड 24 घंटे काम करेंगे। एमजीएम अस्पताल के उपाधीक्षक जुझार मांझी ने बताया कि आपातकालीन स्थिति के लिए अतिरिक्त डॉक्टरों, नर्सों और पैरामेडिकल स्टाफ की तैनाती की गई है। ब्लड बैंक को भी पर्याप्त स्टॉक रखने और जरूरी दवाइयों का बैकअप सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है।

**********समाप्त**********